भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न संख्या: 222

गुरुवार, 22 दिसम्बर, 2022/1 पौष, 1944 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

डिजि यात्रा सुविधा

***222. श्री प्रतापराव जाधव:**

श्री मनोज तिवारी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में हवाईअड्डों पर फेशियल बायोमेट्रिक्स के आधार पर डिजिटल यात्रा अनुभव के लिए डिजि यात्रा शुरू की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) ऐसे हवाई अड्डों के नाम हवाई अड्डे-वार क्या हैं, जिन पर वर्तमान में ऐसी सुविधा प्रदान की जा रही है;

(ग) ऐसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के नाम एयरलाइन-वार क्या हैं जो देश में यात्रियों को डिजि यात्रा सुविधा प्रदान करेगी;

(घ) क्या सरकार ने यात्रियों की सुविधा के लिए डिजि यात्रा ऐप विकसित किया है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) सरकार द्वारा देश भर के सभी हवाई अड्डों पर डिजि यात्रा शुरू करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं ताकि यात्रियों को सुविधा हो और बोझिल चेक-इन और बोर्डिंग प्रक्रिया के बोझ को कम किया जा सके और यह सुविधा कब तक आरंभ हो जाएगी?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) तथा (ड): वक्तव्य सदन के पटल पर रख दिया गया है।

****

'डिजि यात्रा" के संबंध में लोक सभा के दिनांक 22 दिसम्बर, 2022 के मौखिक प्रश्न संख्या 222 के उत्तर से संबंधित वक्तव्य।

(क) तथा (ख): जी, हां। डिजि यात्रा का शुभारंभ दिल्ली, बेंगलुरू तथा वाराणसी हवाईअड्डों पर यात्रियों को फेसियल बॉयोमैट्रिक आधारित निर्बाध एवं किसी भी परेशानी से मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए किया गया है।

(ग): डिजि यात्रा की सुविधा केवल घरेलू एयरलाइनों के लिए है। वर्तमान में, दिल्ली तथा बेंगलोर हवाईअड्डों पर सभी घरेलू एयरलाइनें यह सुविधा प्रदान कर रही हैं। वाराणसी हवाईअड्डे पर यह सुविधा फिलहाल इंडिगो, विस्तारा तथा एअर इंडिया द्वारा प्रदान की जा रही है।

(घ) जी, हां। डिजि यात्रा एप्प यात्रियों की सुविधा के लिए विकसित की गई है। यह एंड्रायड तथा आईओएस प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

(ङ) मार्च 2023 तक डिजि यात्रा के चरण-I का कार्यान्वयन कोलकाता, पुणे, विजयवाड़ा तथा हैदराबाद हवाईअड्डों पर किए जाने की योजना है। इसका कार्यान्वयन देश के विभिन्न हवाईअड्डों पर चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा।

****